# गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेस – मुख्यमंत्री योगी



भरतपुर लखनऊ (आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान की चुनावी सभा में पहुंचे। उनकी पहली जनसभा भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में हुई। यहां से पूर्व सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि 'अबकी बार 400 पार' के लिए रामस्वरूप कोली को भी विजयी बनाना होगा। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की मोदी व राज्य की भजनलाल सरकार के कार्यों के बलबूते भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया तो वहीं कांग्रेस को निशाने पर रखा। साथ ही राजस्थान विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए राजस्थान वासियों के प्रति आभार जताया।

कांग्रेस के लोग बेदम रहते थे और घुटने टेकते थे

कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। उन्होंने कहा कि एक तरफ 'द गार्डियन' की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन–चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी। वहीं मोदी जी चार साल से 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन की सुविधा दे रहे हैं। केंद्र सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं को ध्यान में रखकर अपनी योजनाओं को बनाते हुए कार्य कर रही है।

किसी की हिम्मत नहीं कि वह भारत के खिलाफ बोलने की ताकत जुटा सकेमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया की ताकत बन रहा है। दो–तीन दिन पहले इंग्लैंड के प्रतिष्ठित समाचार 'द गार्डियन' की रिपोर्ट ने बताया कि पाकिस्तान के अंदर 20 दुर्दांत अपराधी मारे गए हैं। हो सकता है कि यह भारत ने मारे हो, लेकिन कल तक आतंकवादियों को प्रश्रय देने वालों में से किसी की भी हिम्मत नहीं कि वे भारत के खिलाफ बोलने की ताकत कर सकें। नया भारत अपने नागरिकों व सीमाओं की सुरक्षा करना जानता है। राजस्थान के लोग सिर्फ राम–राम सा ही नहीं करते, बल्कि सीमा की सुरक्षा में सेंध लगाने आतंकियों का राम नाम सत्य भी कर देते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के नागरिकों का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद, उग्रवाद व आतंकवाद समाप्त हुआ है। 1952 में देश को धारा–370 का दंश देने वाली कांग्रेस के इस फैसले को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने सदैव के लिए समाप्त कर दिया।कांग्रेस के समय नीति, नेता व निर्णय नहीं हो पाते थेमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की नीयत साफ नहीं थी। इनके समय नीति, नेता और निर्णय नहीं हो पाते थे पर मोदी सरकार में बनी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के विकास कार्यों को भी गिनाते हुए कहा कि भाजपा शासन में सुरक्षा, समृद्धि और विकास हो रहा है। कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं करा पाते। वे कहते थे कि राम हुए ही नहीं। भरतपुर के बगल में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन है, फिर भी कांग्रेस के लोग कहते हैं कि कृष्ण हुए ही नहीं। कांग्रेसी हमारे इतिहास व विरासत पर प्रश्न खड़ा करते हैं। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान चाहिए। विकसित राजस्थान के लिए विकसित भरतपुर और विकसित भरतपुर के लिए रामस्वरूप कोली चाहिए। राजस्थान की ओर से 25 मनकों की जो माला जानी है, उसमें भरतपुर की भी एक माला होनी चाहिए।

समृद्ध–पराक्रमी परंपरा का वारिस विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय नहीं दे सकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोग समृद्ध विरासत के उत्तराधिकारी हैं। महाराज सूरजमल ने औरंगजेब के छक्के छुड़ाते हुए मुगल सेनाओं के किले में भूसा भरवा दिया था। उन्होंने मुगलों को औकात दिखाते हुए कहा था कि भारत को रौंदने का सपना देखने वालों, अब यही भूसा खाओ। मुगल सेना उनके सामने नाक रगड़ने को मजबूर हो गई थी। गरीबों के हितों पर डकैती डालने वाले कांग्रेसियों को भी अब सही जगह दिखाने की आवश्यकता है।

समृद्ध–पराक्रमी परंपरा का वारिस विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय नहीं दे सकता। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक तरफ महाराज सूरजमल की समृद्ध विरासत है तो दूसरी तरफ किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मान दिया है। इसके जरिए चौधरी साहब के द्वारा अपने कार्यकाल में किसानों, गरीबों के लिए किए गए कार्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया है।

यूपी में अब कर्फ्यू और दंगा नहीं होता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब कर्फ्यू व दंगा नहीं होता पर धूम–धड़ाके से कांवड़ यात्रा निकलती है। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि वह अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन कर रही है। आपके एक–एक वोट ने देश की तकदीर व तस्वीर को बदला है। आपने वोट का सही इस्तेमाल नहीं किया होता तो न सुरक्षा मिलती, न विकास होता और न ही अयोध्या में राम मंदिर बन पाता। कांग्रेस खुद में समस्या है। आपका एक वोट अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी करता है तो देश की सीमाओं की भी सुरक्षा करता है। कोरोना में जब कांग्रेस व अन्य दलों के लोग गायब थे तो मोदी जी अपनी परवाह किए बिना एक–एक राज्यों में जाकर कार्य कर रहे थे। मुचस ने पूछा कि क्या आपने मोदी जी के पहले किसी प्रधानमंत्री को सीमा पर सैनिकों संग होली–दीवाली मनाते देखा है।

इस अवसर पर भाजपा राजस्थान की प्रभारी विजया रहाटकर, भरतपुर की सांसद रंजीता कोली, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, संभाग प्रभारी हेमराज
मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, विधायक श्रीबहादुर सिंह, महंत बलवीर दास आदि मौजूद रहे।

# अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार

## अबकी बार 4 लाख पर, फिर एक बार जगदम्बिका पाल



लखनऊ(आरएनएस)।अबकी बार 400 पार... फिर एक बार मोदी सरकार... फिर एक बार जगदम्बिकाल पाल... के उद्घोष के प्रदेश में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा जी ने डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और तीन बार सांसद जगदम्बिका पाल के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुवात करते हुए कहा। मंत्री श्री शर्मा ने आज सिद्धार्थनगर डुमरियागंज और बांसी विधानसभा में जनसभाओं को संबिधित करते हुए कहा कि मा. जगदम्बिका पाल जी का सम्मान देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राक्षमंत्री के साथ ही पूरा शीर्ष नेतृत्व करता है। इतना ही नहीं देश की नौकरशाही में पाल जी की हर एक बात का बड़ा सम्मान है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सिद्धार्थनगर में पिछले वित्तीय वर्ष में नगर विकास विभाग से लगभग 200 करोड़ रूपये के कार्य कराये गए हैं। और यह सब आपके कर्मठ और ऊर्जावन सांसद श्री पाल जी कि वजह से सम्भव हुआ है। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि दुनिया में 17 देश ऐसे हैं जिनकी आबादी के बराबर तो भाजपा के कार्यकर्त्ता हैं। इतना ही नहीं भाजपा आपने हर एक कार्यकर्त्ता के साथ ही प्रदेश की जनता के सम्मान, स्वास्थ्य और सुख–समृद्धि के लिए हमेशा तत्पर रहती है। देश को विकसित भारत बनाने का कार्य मोदी जी के नेतृत्व में जोरो चल रहा है। और यह निरंतर चलता रहे इसके लिए आप सभी को अपनी लोकसभा सीट से जगदम्बिका पाल जी और 4 लाख से अधिक वोट से जीत दिलाकर लोकसभा भेजना है और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करना है।मंत्री शर्मा ने कहा कि जगदम्बिका पाल का प्रदेश ही नहीं, देश में बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा है। ऊर्जावान जगदम्बिका पाल जी को हमेशा अपने पास संभाल कर रखियेगा। क्योंकि इनके रहते ही आपके क्षेत्र का विकास सम्भव है। उन्होंने कहा कि सांसद जी हर उम्र के लोगों का बड़ा सम्मानित करते हैं और आश्चर्य की बात यह है कि वे सभी को उनके नाम से ही बुलाते हैं। यह आप सभी के प्रति उनके प्रेम से ही संभव है। पाल जी को आपके विकास के लिए किस योजनाओं में कितना पैसा किस गांव में और किस ब्लॉक और किस पंचायत गया है, यह सारा हिसाब उँगलियों पर रहता है। कहीं भी किसी भी सुविधाओं का आभाव दिखता है तो तुरंत उसकी पूर्ती के पूरी ऊर्जा से लग जाते हैं, और जब तक काम करा नहीं लेते, तब तक पीछे नहीं हटते। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अपने मंत्रीकाल में पिछले दो साल में आपके जिले को लगभग 200 करोड़ नगर विकास विभाग से दिया है। यह आपके सांसद जगदम्बिका पाल जी की वजह से संभव हुआ है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आप डुमरियागंज लोकसभा सीट से इतने कर्मठ सांसद को चुनकर लोकसभा भेजते हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा का आज स्थापना दिवस है। आपको यह बताने में बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि भाजपा के जितने कार्यकर्त्ता है उतनी दुनिया में ऐसे 17 देश हैं, उतनी उनकी आबादी है। उन्होंने कहा कि हमें एक जुट होकर एकता के साथ भाजपा के पक्ष में वोट करके मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री और मा. जगदम्बिका पाल जी को सांसद बनाना है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर सामान्य आदमी की सेवा की है। पिछली सरकारों में जो लाखों टन अनाज सड़ जाता था गोदामों में उससे देश के 60 करोड़ लोगों में मुफ्त वितरित कर उनके जीवन को सुदृढ़ बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं आयुष्मान कार्ड का लाभ देते हुए 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षित किया गया है। धुएँ से महिलाओं को मुक्ति दिलाने के लिए 10 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत 7 करोड़ लोगों को आवास दिए गए जिसमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही 56 लाख के करीब लाभार्थी हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था के क्षेत्र में जो काम शुरू किया है वो आज आपके साथ ही आपके बच्चों के भविष्य तक सुधारना का कार्य किया जा रहा है। हमने रोषटर मुक्त करते हुए 24 घंटे बिजली देने का प्रयास शुरू कर दिया है। वहीं अपूर्ती को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए जर्जर तार, पोल को बदलने के साथ ही ट्रांसफार्मर को भी उच्चीकृत करने का काम 25 हजार करोड़ रूपये से प्रदेश भर में जोरों से चल रहा है। सिद्धार्थनगर की बात करें तो 12 हजार से अधिक खम्बे बदले जा चुके हैं, वहीं हजारों ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई गयी है। और यह सब संभव तभी हो पा रहा है जब आपका चुना हुआ जनप्रतिनिधि सरकार का सहयोग कर रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी श्री जगदम्बिका पाल जी को जीत अग्रिम बधाई देते हुए मौजूद जनता और कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद किया।मंत्री श्री शर्मा ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि इस बार जगदम्बिका पाल जी को 4 लाख से अधिक वोटों से जिताना है। अबकी बार 4 लाख पार... फिर एक बार जगदम्बिका पाल। अबकी बार 400 पार... फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल में जो काम नहीं हुआ है, वो पिछले 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में देश और मा. योगी जी के नेतृत्व में 2017 से प्रदेश में हो रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में बताते हुए कहा कि जाको प्रभु दारुण दुख देही, ताकी मति पहले हर लेही। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में में नदी में गन्दगी दिखाते हुए अमेरिका की बफालो रिवर की फोटो लगाई और दूसरी थाईलैंड की फोटो लगाकर अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र लिखा है। मतलब उन्हें भारत में ऐसा दिखा ही नहीं, कि वो भारत की फोटो लगा सकें। उन्होंने कहा कि बंसी नगर पालिका में 9 करोड़ रूपये नगर विकास से दिए गए। जिसमें साढ़े 4 करोड़ रूपये आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की मोदी जी की परिकल्पना को साकार करने के लिये मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। जिसके लिए आपको अपनी लोकसभा से जगदम्बिका पाल जी को फिर से संसद बनाने का काम आपको करना है।जनसभा भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधायक श्याम धनी राही, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जय प्रताप सिंह जी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता और हजारों की संख्या में जनता मौजूद रही।

# सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराये सरकार –अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस ) पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज पूर्व विधायक, दिवंगत मुख्तार अंसारी के गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद स्थित उनके आवास 'फाटक' पहुंचे।अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी तथा अन्य परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट की। अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। भाजपा सरकार पर किसी को भरोसा नहीं है। सरकार न्याय नहीं दिलाएगी। समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता और गाजीपुर जिले के तमाम लोग भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है संवैधानिक संस्थानों पर भरोसा कम हुआ है। मुख्तार अंसारी ने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है की सरकार सच्चाई सामने लाएगी और मुख्तार अंसारी के परिवार वालों को न्याय मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जो व्यक्ति इतने वर्षों तक जेल में रहा हो, उसके बाद भी जनता उसे जिता रही हो तो इसका मतलब है कि उस व्यक्ति और उसके परिवार ने जनता के बीच रहकर उनके दुख दर्द में साथ दिया है। आज मीडिया और सोशल मीडिया में तमाम कहानियां है कि किस तरह से इस परिवार ने लोगों के बीच काम किया है और उनके दुख दर्द को बांटता रहा है। यह परिवार जनता के बीच रहता है।श्री यादव ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि भाजपा सरकार में लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही है। जेल में मौतें होना, थाने में मौतें होना, मुख्यमंत्री आवास के सामने न्याय न मिलने से आत्मदाह की कोशिश जैसी तमाम घटनाएं हो रही है। उत्तर प्रदेश में न्याय न मिलने से तमाम लोगों की जाने गईं है लेकिन इस सरकार को कोई परवाह नहीं है।अखिलेश यादव ने कहा कि क्या कोई स्वीकार करेगा कि मुख्तार अंसारी की यह नेचुरल डेथ थी। क्या आम जनमानस में यह भावना नहीं है कि सरकार कुछ छिपा रही है? मुख्तार अंसारी के साथ जेल में जो घटना हुई, सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी हर नागरिक को सुरक्षा देने की होती है। जो सरकार लोगों को सुरक्षा और न्याय नहीं दे सकती है वह सरकार जनता की नहीं हो सकती है।अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोकतंत्र बचाने का आखिरी चुनाव है। अगर जनता वोट देने नहीं निकलेगी तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली है। आज मीडिया पर भी सच न दिखाने का भारी दबाव है। मीडिया सच दिखाने की कोशिश करती है तो उस पर सरकार कार्यवाही की धमकी देती है। पत्रकारों ने भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया तो उन्हें जेल में डाल दिया गया। भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। भाजपा सरकार ने जनता के भरोसे और सच्चाई पर आघात किया है।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया उपवास

लखनऊ,(आरएनएस ) आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के खिलाफ राष्ट्र व्यापी एक दिवसीय उपवास के आह्वान के तहत प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल जी के नेतृत्व में लखनऊ में एकदिवसीय उपवास रखा गया रघुपति राघव राजा राम भजन के साथ कार्यकर्ताओं प्रार्थना सभा की उपवास की शुरुआत प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल ने शहीद–ए–आजम भगत सिंह महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की .इस दौरान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस उपवास कार्यक्रम में अपनी बात करते हुए दिनेश पटेल ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को तानाशाह का सनक बताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी के बढ़ते हुए कद से दहशत में हैं , उनको पता हैं कि यहीं पार्टी हैं जो हमारे कुशासन की कलई खोलने का काम करेंगीं दिनेश पटेल ने कहा कि शराब घोटाले के आरोपी मंगुट्टा रेड्डी और उनके लड़के राघव रेड्डी से जबरन दिलाये गए बयान के आधार पर गिरफ्तारी की गयी . मोदी सरकार म्क, सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल रही है मोदी सरकार आम आदमी पार्टी और केजरीवाल से डरी हुई है.हार के डर से लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया. देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तानाशाही को देख रही है चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी सप्रदेश प्रवक्ता महेंद्र सिंह ने कहा केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को विश्वस्तरीय स्कूल, अच्छी शिक्षा, फ्री इलाज, फ्री बिजली पानी महिलाओं को फ्री बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा, फरिश्ते जैसी कई जनहित की योजनाएं दी .प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नहीं चाहती है कि दिल्ली की जनता को यह सब बुनियादी सुविधाएं मिल सके दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को पसंद कर रही है इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में हार के डर से फर्जी मामले में उनको गिरफ्तार कर लिया है । देश की जनता मोदी की तानाशाही को देख रही है 2024 के चुनाव में मोदी सरकार को बदलने का मन बना लिया सअवध प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल राजवंशी ने जनता से अपील की इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट करें इंडिया गठबंधन जीतेगा तो आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी उनके चेहरे पर मुस्कान होगी अच्छे स्कूल अस्पताल मिलेंगे बिजली पानी फ्री मिलेगा सउपवास के दौरान प्रमुख रूप से नदीम अशरफ जायसी, सरबजीत सिंह मक्कड़, अतुल सिंह, ईरम रिजवी, प्रियंका श्रीवास्तव, शैलेंद्र राठौर, अरुण चंदेल, वंशराज दुबे, अनुज पाठक, अनिल जैन, मोहम्मद तकी, इस्मा जहीर, धर्मवीर,अंकित परिहार, ललित वाल्मिकी, सुभाषनी मिश्र, रश्मि पांडेय, डीएन पाल, धर्मवीर सिंह, आनंद जयसवाल, जुनैद अकमल, अलोक द्विवेदी, संजीव निगम, राधेश्याम कन्नौजिया, अनीत रावत, मो तकी, मो नूर, इस्मा जहीर, नारी देवी, मनोज , रितेश सिंह, बीएन खरे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे

# अनावश्यक जांच के नाम पर व्यापारियों का हो रहा उत्पीड़न – प्रदीप जायसवाल

लखनऊ(आरएनएस ) समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय आशियाना लखनऊ में आज बैठक कर लोकसभा चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत अनावश्यक जांच के नाम पर व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई गई। लोकसभा चुनाव की घोषणा के तहत आचार संहिता के दौरान रूपये की अनावश्यक जाँच पड़ताल और उसके नाम पर हो रहे उत्पीड़न से प्रदेश के सभी महानगरों में व्यापार प्रभावित हो रहा है। समाजवादी व्यापार सभा ने जाँच पर रोक लगाने की मांग की और व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की बात कही है।समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश का थोक व्यापार 50 प्रतिशत से अधिक नगद बिक्री पर आधारित है, जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा के उपरांत आचार संहिता लागू होने के दौरान महानगरों मे चौराहो पर गाड़ियों को रोककर रूपये की अनावश्यक जाँच करने से व्यापारियों को परेशानी हो रही है और भय का माहौल हो गया है। इसकी इस वजह से महानगरों का व्यापार प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों में प्रशासन के खिलाफ गुस्सा है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि इस समय पूरे देश मे रबी की फसल की कटाई चल रही है और किसान गल्ला व सब्जी मंडियो में अपना कृषि उत्पाद लेकर आ रहा है। इन मंडियों में किसान व्यापारियों से नगद धनराशि ही लेता है। इस तरह 50 हजार रूपये से अधिक रुपया ले जाना मामूली बात है और जबकि भारत सरकार के आयकर के नियमानुसार एक दिन में दो लाख रु0 नगद का लेन–देन हो सकता है। बैठक में समाजवादी व्यापार सभा द्वारा मांग करी गई कि चुनाव आयोग उत्तर प्रदेश और डीजीपी यूपी द्वारा विधिवत प्रेस कांफ्रेंस करके व्यापार और व्यापारी हित में इस बात को सुनिश्चित करें और बताएं कि रैण्डम जांच में पकड़ा जाने वाला रुपया अगर किसी राजनितिक पार्टी के प्रत्याशी का होगा तो उसको जाँच के दायरे मे लाया या जब्त किया जाय, लेकिन किसी व्यापारी का रुपया न पकड़ा जाय और न ही इस तरह की कोई जाँच होनी चाहिए।बैठक में समाजवादी व्यापार सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सूद, प्रदेश उपाध्यक्ष बोट सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष हरदीप सिंह राखड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जायसवाल, प्रदेश प्रमुख महासचिव यासिर सिद्दीकी, प्रदेश सचिव डा० अजय चौरसिया, प्रदेश सचिव लालचन्द यादव, लखनऊ जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष निखिल सिंघल आदि थे।

# लखनऊ की 34 क्षेत्रीय चित्रांश संस्थाओं ने भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को समर्थन दिया

लखनऊ(आरएनएस )। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा के आवाहन पर महासभा के केंद्रीय कार्यालय ए–10 निराला नगर पर लखनऊ जनपद में कायस्थ समाज के सक्रिय लगभग 34 संस्थाओं के अध्यक्ष, महामंत्री एवम् अन्य पदाधिकारी एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता नीरज सिंह एवं भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद कुमार द्विवेदी एवं अभिषेक खरे की उपस्थिति में एक मत से लखनऊ संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी राजनाथ सिंह को अपना समर्थन देते हुए रिकार्ड मतों से जिताने का निर्णय लिया गया तथा यह आवाहन किया गया की कायस्थ समाज के लोग अपने–अपने क्षेत्र से अधिकतम वोटरों को घर–घर से निकालकर पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि ष्लखनऊ वासियों को इस बार राजनाथ सिंह को अधिकतम मतों से जिता कर सांसद बनाने का रिकार्ड बनाना है इस लिए एक–एक वोट का महत्व है।ष

मंच का संचालन कर रहे महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सेन सक्सेना ने कहा कि ष्कायस्थ समाज ने हमेशा राष्ट्रधर्म का पालन किया है और आज राष्ट्र को नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री की आवश्यकता है

इस अवसर पर अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के वीरेन्द्र सक्सेना, विमलेश कुमार श्रीवास्तव, ई० सुभाष, राना रंजीत वर्मा, के० सरन, एड. अरविन्द प्रधान, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, आनन्द प्रकाश, सरिता वर्मा, कुमुद श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, मीनाक्षी वर्मा, अरुणिमा श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव, अमिताभ बिहारी वर्मा,अभिषेक खरे, भानु प्रताप, अरूण निगम, नेपोलियन सक्सेना, राजन सक्सेना, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र सेन श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रा० महासचिव पवन भास्कर, अखिल कायस्थ समाज कल्याण महासभा – न्यूटन किशोर सक्सेना (रा० अध्यक्ष), कायस्थ संघ अन्तरराष्ट्रीय – दिनेश खरे (रा० अध्यक्ष), चित्रगुप्त नरम समिति मोती नगर – रवि सिन्हा, उमा सरन, श्री चित्रगुप्त समिति प्रेमनगर उमेश श्रीवास्तव ध राकेश श्रीवास्तव, चित्रांश कल्याण समिति सहित अन्य संगठन उपस्थित थे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## ‘ओपेन डे समारोह’ में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया सी.एम.एस. छात्रों ने

लखनऊ, 8 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस में ‘ओपेन डे समारोह’ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों ने मिलकर मनाया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों का जीवन पर्यन्त साथ देती है। हमें बालक को समाज का प्रकाश बनाना है और इसके लिए जीवन मूल्यों की शिक्षा देनी होगी। इस अवसर विद्यालय के छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर विद्यालय के मिशन ‘प्रत्येक बालक धरती का प्रकाश है’को बड़े ही अनूठे ढंग से दर्शाया। समारोह में एक तरफ जहाँ नन्हें–मुन्हें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए अनेक शैक्षिक एवं खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं, जिससे अभिभावकों को सी.एम.एस. की ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति को जानने व समझने का अवसर मिला।



खेल–खेल में मोण्टसरी शिक्षा प्रणाली से बच्चों को पढ़ाना एवं कम्प्यूटर पर नर्सरी राइम व कहानियों द्वारा जीवन मूल्यों की शिक्षा देना आदि रोचक कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब पसंद किया इस अवसर पर सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने अभिभावकों के सहयोग के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा परमात्मा का उपहार है और हमारा पूर्ण प्रयास है कि हर बच्चा समाज का प्रकाश बनें, इसके लिए हम छात्रों भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा देते हैं।

## सी.एम.एस. में रोबोटिक्स लैब का भव्य उद्घाटन

लखनऊ, 8 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में नवनिर्मित विश्व स्तरीय ‘रोबोटिक्स लैब’ का उद्घाटन आज सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति रही। सभी ने छात्रों को विज्ञान व प्रोद्योगिकी की अति–आधुनिक व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के सी.एम.एस. के इस प्रयास की दिल खोलकर सराहना की।



इस अवसर पर डा. भारती गाँधी एवं प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने रोबोटिक्स लैब का अवलोकन किया एवं छात्रों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को एक नया आयाम देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। यह रोबोटिक लैब छात्रों को अपने सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करने में महती भूमिका निभायेगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि वर्तमान दौर में छात्रों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना एवं आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान करना बहुत जरूरी है, जिससे भावी पीढ़ी विश्व स्तर पर कदम से कदम मिलाकर चल सके। सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, जरूरी संसाधन व तकनीक प्रदान करने को तत्पर है। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने विद्यालय में रोबोटिक्स लैब की स्थापना हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन का आभार व्यक्त किया।

## आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं मिशन शक्ति का आयोजन

झांसी! आज नागरिक सुरक्षा, नगरा प्रभाग के तत्वाधान में, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज सीपरी बाजार, झांसी में, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं मिशन शक्ति का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या डा. अलका नायक के मुख्य आतिथ्य एवं महिला थाना उपनिरीक्षक श्री बृजनंदन जी की अध्यक्षता में, आयोजन किया गया

इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा के पांच दिवसीय प्रशिक्षण समापन के अवसर पर आर्य कन्या महाविद्यालय की 29 छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया इस अवसर पर छात्राओं को, आपदा एवं यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी इस अवसर पर डिवीजनल वार्डन भूपेंद्र खत्री अंबिका श्रीवास्तव डिप्टी डिवीजन वार्डन अशोक अग्रवाल पीएनबी ने भी छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

## नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं विद्या ज्ञान में चयनित छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

झांसी! गुरसरांय आज नगर के सोलंकी कोचिंग सेंटर मे मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा में निखार लाने वाले अठारह छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।ये छात्र–छात्राओं प्रथम प्रयास में जवाहर नवोदय विद्यालय में पंद्रह छात्र चयनित हुए हैं।सैनिक स्कूल में दो छात्र एवं विद्या ज्ञान में 1 और एक छात्र अटल आवासीय विद्यालय में एक छात्र का चयन हुआ ये छात्र – छात्राएं कक्षा पांच से निकलकर कक्षा छह के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित हुए तो उनके अभिभावकों और शिक्षकों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सी पी सिंह एवं अध्यक्षता अजय अनुरागी,विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू प्रजापति बरुआसागर,हरी सिंह रहे।सफल हुए बच्चों को रविवार को कोचिंग संस्थान में मिठाई खिलाकर और माला,मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है।कम संसाधन में कड़ी मेहनत की बदौलत यह बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होकर अपने मेधा का परिचय दिए हैं।सम्मानित बच्चों मे शिवराज सिंह,अंश,हार्दिक गुप्ता,हर्षिल्ल करपात्री,चिराग,वंश प्रताप सिंह,अनंत दुबे, कशिश,श्रष्टि नामदेव,अंश कुशवाहा, पीयूष कुमार,प्रवीण घोष,कपिल कुशवाहा, सिद्धांत बर्मा,हिमांशु कुशवाहा,आदि छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस मौके पर श्याम सिंह यादव खरका,आशुतोष तिवारी,सोमनाथ घोष,रोहित,रविन्द्र कुमारकिया सोलंकी,अनिल राजपूत,राजू बाबी पान वाले,पुष्पेंद्र,जितेंद्र कुमार प्रजापति,कैलाशनाराण मिश्रा,जितेंद्र कुशवाहा,बलवीर पटेल,विवेक पटेल,अनिल पाठक,जितेंद्र सिंह पटेल उर्फ रिंकू इस्किल आदि लोग मौजूद रहे।संचालन घनेद्र सिंह ने किया।अंत में आभार रामगोविंद सोलंकी ने किया।



# फूलों की होली महा महोत्सव से “आनंदमय” हुआ इस्कॉन

संजीव कुमार शुक्ला

लखनऊ रूश्री श्री राधा रमण बिहारी जी मन्दिर(इस्कॉन), लखनऊ द्वारा



पूर्व की भांति इस वर्ष भी मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी के मार्गदर्शन में आयोजित किये गए ष्आनंदमष मंगल महामिलन ष्फूलों की होलीष कार्यक्रम मे परम पूज्य भक्ति पुरुषोत्तम स्वामी जी महाराज, जीवबीवसीव, इस्कॉन, मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी, श्रीमान भोक्ता राम प्रभु जी, (उपाध्यक्ष) श्रीमान मधुस्मिता प्रभुजी, (उपाध्यक्ष) श्रीमान दीनदयाल प्रभुजी(उपाध्यक्ष) आदित्य नारायण प्रभु जी, श्रीमान आनंद स्वरूप अग्रवाल जी, (चेयरमैन मन्दिर निर्माण समिति), श्रीमान लाल बहादुर प्रभुजी जी (चेयरमैन फेस्टिवल कमेटी), श्रीमान जय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की पावन उपस्थिति मे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ स

कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री श्रीयुत दयाशंकर सिंह जी, श्रीयुत अवनीश अवस्थी जी मुख्य सलाहकार, मुख्यमंत्री जी, श्रीमती नम्रता पाठक जी ( पत्नी श्रीयुत बृजेश पाठक जी, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार), श्रीमती अपर्णा यादव जी सहित विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने उजस्थित होकर मंच ओर कार्यक्रम को सम्बोधित किया सपरम पूज्य भक्ति पुरुषोत्तम स्वामी जी महाराज, जीवबीवसीव इस्कॉन द्वारा बताया गया कि हम अपने जीवन काल मे जो कुछ बहुत पाना चाह रहे हैं वह सुख हो सकता है





लेकिन वास्तविक आनंद नहीं ले पा रहे है, यदि हम आनंद पाना चाहते हैं तो हमें भगवान श्रीकृष्ण कि निरंतर प्रेममयी सेवा करनी चाहिए, जिससे भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति प्राप्त हो सेवा गुरू के निर्देशन मे अन्यथा हम दुःख और कल्मशों को भोगते ही रहेंगे स भक्तों के समागम आनंदम ष्मंगल महामिलनष में लगभग सात हजार से अधिक भक्तों ने भक्तिमय वातावरण मे आह्लदित एवं आनंदित हुए।



# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने लोकसभा प्रत्याशी सांसद अरुण सागर के साथ मौजमपुर में लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

शाहजहांपुर। (आकाश सक्सेना) शाहजहांपुर में भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में जिले के अलग अलग क्षेत्रों में लगातार लोकसभा चुनाव कार्यालय खोले जा रहे है। रविवार की शाम सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने नैशनल हाइवे 24 स्थित मौजमपुर के पास गोविंद ट्रैक्टर के समीप चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उसके बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं



से सीधा संवाद करते हुए चुनाव में जीत के मंत्र दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि, इस बार में पूरी लगन के साथ मेहनत करके कमल का फूल खिलाना है। शाहजहांपुर में भाजपा ने सांसद अरुण सागर को दोबारा से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। शाहजहांपुर में लोकसभा चुनाव दूसरे चरण में 13 मई होगा। भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर भी लगातार जिले की जनता के बीच जा रहे हैं। नेशनल हाइवे–24 पर मौजमपुर गांव स्थित गोविंद ट्रैक्टर के समीप लोकसभा का चुनाव कार्यालय खोला है। उसका उद्घाटन प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने फीता काटकर किया है। उनके साथ तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने कार्यकर्ताओं को भाजपा सरकार और जिले में अपनी उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने पांच में कराई उपलब्धियां तभी हासिल हो पाई है। क्योकि कार्यकर्ताओं ने मेहनत करके चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाकर जीत दिलाई और इस लायक बनाया। उन्होंने दूसरी बार पार्टी ने भरोसा जताकर जनता के बीच भेजा है। अधूरे कार्यों को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता



रहेगी। इस बार भी हर बूथ, र गांव और मोहल्ले में कमल का फूल खिलाकर पिछली बार से ज्यादा मतों से जीत जीत दिलाना है। ताकि दूसरे पार्टी के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाए। इस दौरान भाजपा सांसद ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नारा दिया कि, अबकी बार 400 पार, दूसरी बार 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार, आपका सेवर आपके द्वार कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री केसी मिश्रा जी, महानगर अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी गुप्ता जी, लोकसभा संयोयक श्री अरूण गुप्ता जी, इफको के निदेशक श्री बलवीर सिंह जी, डीसीबी चेयरमैन श्री डीपीएस राठौर जी, ब्लॉक प्रमुखगण श्रीदत्त शुक्ला जी, प्रियांशु रघुवंशी जी, श्री अरविन्द सिंह जी, श्री जेपी मिश्रा जी, पप्पू वर्मा पूर्व प्रधान,अमित कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख पति जलालाबाद,संजीव सक्सेना,उमाशंकर सक्सेना आदि सभी पार्टी पदाधिकारियों/कार्यकर्तागणों की उपस्थिति रही।

## सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल बंसल कैम्पस ने मनाई आज अपनी दसवीं वर्षगाँठ

जिस तरह आकाश में सूर्य अपनी स्वर्णिम आभा बिखेर रहा था,प्रकृति भी सूर्य की किरणों का स्पर्श पाकर प्रफुल्लित हो रही थी ठीक उसी प्रकार जयपुरिया स्कूल बंसल कैम्पस के बच्चे भी अपने विद्यालय की स्थापना की दसवीं वर्षगाँठ का समारोह मनाने के लिए उत्साहित नजर आ रहे थे । इस समारोह का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि माननीय डॉक्टर कृष्ण सिंह डिप्टी एडवोकेट जनरल इलाहाबाद हाई कोर्ट के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप मे माननीय श्री कनक गुप्ता जी, ने इस अवसर पर उपस्थित होकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष माननीय श्री गिरिजाशंकर जी एवं उपाध्यक्ष श्री देवेश जी गणमान्य अतिथियों के स्वागत में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गुंजन सहनी ने इस उत्सव के उत्साह को एक नया आवस्मरणीय आयाम दिया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात विद्यालय के नन्हें –नन्हें बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया ।इसी श्रृंखला में विद्यालय के बच्चों ने कई शिक्षाप्रद नाटक, नृत्य और संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दर्शकों ने मंत्रमुग्ध होकर इन्हे देखा और सराहा।



## मस्जिद, ईदगाह समस्त मंदिरों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई चाक-चौबंद किए जाने के निर्देश

झांसी! जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आगामी ईद–उल फितर, राम नावंमी सहित आने वाले अन्य पर्वो को देखते हुये जनपद में कानून एवं साम्प्रदायिक सौहार्द चुस्त दुरूस्त रखने के दृष्टिगत जनपद में आवश्यक व्यस्थायें सुनिश्चित करने हेतु नामित मजिस्ट्रेटध्अधिकारियों को निर्देश दिए जिलाधिकारी ने जनपद में आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्र पूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में पूर्व से ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा–144 लागू है, जिसका जनपद में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इसके किसी भी अंश का उल्लघंन करने वालो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि रमजान माह में ईद–उल–फितर की नमाज के अवसर पर बिजली एवं जलापूर्ति बनाये रखा जाय। नमाज स्थलो, नमाजियों के आवागमन के मार्ग पर सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाय। आवागमन के मार्गो पर आवारा पशु एवं जानवरो की धर पकड़ कर हटवाना सुनिश्चित किया जाय जिलाधिकारी ने कहा कि गैर परम्परागत रूप से ध्वनि विस्तारक यंत्रो आदि का प्रयोग नियमानुसार ही सुनिश्चित कराया जाय। मस्जिदो व ईदगाह के आवागमन मार्गो एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो में विशेष सर्तकता व पुलिस प्रबन्ध किया जाय। उन्होंने ड्रोन के माध्यम से भी सतत दृष्टि बनाए जाने के निर्देश दिए .



## भब्य रोजा इफ्तार का आयोजन

लखनऊ, आज कल्याण भवन, बालू अड्डा ,पराग नारायण रोड लखनऊ में जमील मंसूरी की जानिब से रमजान के मुबारक महीने में भब्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गाया जिसमे शहर के गणमान्य लोगों के साथ लखनऊ लोकसभा से इंडिया गठबंधान के प्रत्याशी श्री रविदास महरोत्रा जी, पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री माननीय अनीस मंसूरी जी, मुलायम सिंह यूथ बिर्गेड के अध्यक्ष श्री अनीस राजा जी, मिर्जा मोहम्मद इमरान खान,गुड्डू तिवारी जी जमील मंसूरी जी अफफान, इलियास मंसूरी जी, राम प्रकाश मौर्य जी ने शिरकत की, इस इफ्तार में आस पास के काफी लोगों भारी तादाद में लोगों ने शिरकत की इस मौके पर आस पास के काफी रोजेदारों ने रोजा इफ्तार कार देश और देशवासियो के उत्थान, अमन, शांति, के लिये दुआ की गयी.



# उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी लोगों की भीड़



मेस्क्वाइट। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के 'ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर' में बताया, "बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना –पूर्ण सूर्य ग्रहण– का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है। वर्मोंट और मेन के साथ–साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की सबसे बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान की जरा भी इज्जत नहीं करते चीनी नागरिक, मरियम ने लगाए आरोप, भड़के जिनपिंग



मरियम नवाज ने खुद कहा कि चीनी नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहे जाने पर नाराज हो जाते हैं। यहां पर रहने वाले चीनी नागरिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना चाहते हैं। जब उन्हें सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा जाता है तो वो नाराज हो जाते हैं। मरियम के इस बयान के बाद से पाकिस्तान और चीन में तनाव और बढ़ सकता है। बारूद के ढेर पर बैठे आतंकी मुल्क पाकिस्तान अब आतंक की आग में खुद झुलस रहा है। खैबर पख्तूनवा में हुए आतंकी हमले का दर्द पाकिस्तान के मददगार चीन ने भी महसूस किया। मरने वालों में पांच लोग तो केवल चीन के थे। अब चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने की योजना बना रहे हैं। पाकिस्तान ने भी चीनी नागरिकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान के इन आरोपों से चीन और पाकिस्तान के बीच के रिश्ते और बिगड़ सकते हैं। नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पाकिस्तान में रहने वाले चीन के नागरिकों पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वो पाकिस्तान की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का जरा भी इज्जत नहीं करते हैं। मरियम नवाज ने खुद कहा कि चीनी नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहे जाने पर नाराज हो जाते हैं। यहां पर रहने वाले चीनी नागरिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना चाहते हैं। जब उन्हें सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा जाता है तो वो नाराज हो जाते हैं। मरियम के इस बयान के बाद से पाकिस्तान और चीन में तनाव और बढ़ सकता है। आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी कार चीनी इंजीनियरों के काफिले में घुसा दी। टक्कर के बाद चीनी इंजीनियरों की कार खाई में गिर गई। इस जबरदस्त धमाके में पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। जबकि एक ड्राइवर को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी चीनी इंजिनयर दासू में अपने कैंप की ओर जा रहे थे। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को काफी समय से निशाना बनाया जा रहा है। दासू पहले भी आतंकियों के निशाने पर रहा है। साल 2021 में भी एक बड़ा हमला हुआ था। पाकिस्तान के आतंकी हमले में 9 चीनी इंजीनियर मारे गए थे। जब चीनी इंजीनियर से भरी बस पर अटैक हुआ था। हमले में नौ चीनी इंजीनियर समेत 12 की मौत हुई। ऐसे में खबर है कि चीनी नागरिक अपने मुल्क लौटने की योजना बना रहे हैं। मरियम का बयान आग में घी डालने का काम कर सकती है। मरियम कह रही हैं कि चीनी नागरिक किसी भी अनुशासन का पालन नहीं करना चाहते हैं।

# विमान के इंजन का कवर निकला, उड़ान वापस लौटी



टेक्सास में लब्बॉक के दमकल विभाग ने पुष्टि की है कि विमान के दो में से एक इंजन में आग लगी थी। संघीय विमानन प्रशासन दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है। दोनों विमान 737–800एस हैं जो 737 मैक्स से पुराना मॉडल है। अमेरिका में साउथवेस्ट एयरलाइन के एक विमान के उड़ान भरने के दौरान उसके इंजन का कवर निकलकर "विंग फ्लैप" में फंस गया जिसके बाद विमान को कोलोरैडो राज्य के डेनवर लौटना पड़ा। संघीय विमानन प्रशासन ने यह जानकारी दी। साउथवेस्ट एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि बोइंग 737 विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और ह्यूस्टन जा रहे यात्रियों को दूसरे विमान में सवार कराया गया है।यान के मुताबिक, विमानन कंपनी ने कहा है कि उसके रखरखाव दल विमान का परीक्षण कर रहे हैं। एयरलाइन के विमान में इस हफ्ते दूसरी बार खराबी आई है। पिछले बृहस्पतिवार को उसकी टेक्सास से रवाना होने वाली उड़ान को, विमान के इंजन में आग लगने की सूचना के बाद रद्द करना पड़ा था। टेक्सास में लब्बॉक के दमकल विभाग ने पुष्टि की है कि विमान के दो में से एक इंजन में आग लगी थी। संघीय विमानन प्रशासन दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है। दोनों विमान 737–800एस हैं जो 737 मैक्स से पुराना मॉडल है।

# बिल गेस्ट ने मोदी से क्या खुलासा किया, डिजिटल बूथ कैप्चरिंग के जरिए फिर तबाही लाने की तैयारी में चीन!



पिछले महीने ही 29 मार्च को पीएम मोदी ने उद्योगपति बिल गेट्स से मुलाकात की थी। दोनों ने एआई जैसे मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की थी। जिसमें पीएम मोदी ने भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में एआई–डीफेक पर चिंता जाहिर की थी। देश में 18वीं लोकसभा का शंखनाद हो चुका है। लोकतंत्र के मंदिर में जनता एक बार फिर अपनी पसंद की सरकार चुनने जा रही है। लेकिन तानाशाही की तरफ कदम बढ़ा चुका चीन भारत के लोकतंत्र के पर्व से परेशान है। इसमें खलल डालने के लिए वो नापाक कोशिश में जुटा है। पिछले महीने ही 29 मार्च को पीएम मोदी ने उद्योगपति बिल गेट्स से मुलाकात की थी। दोनों ने एआई जैसे मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की थी। जिसमें पीएम मोदी ने भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में एआई–डीफेक पर चिंता जाहिर की थी। अब तक भारत की जमीन पर तिरछी नजर टिकाए चीन अब भारत के चुनाव को प्रभावित करने की तिकड़म भिड़ा रहा है। अपने देश के नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी कैद कर चीन भारत में डिजिटल बूथ कैप्टरिंग की कोशिश में है। चीन की इन हरकतों का खुलासा माइक्रोसॉफ्ट की इंटेलिजेंस टीम ने किया है। जिसके मुताबिक चीन भारत में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। वो एआई के जरिए गलत जानकारी मतदाताओं तक पहुंचा सकता है। किसी विशेष राजनीतिक दल के प्रति वोटरों का रूझान बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि इस साल दुनिया भर में विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले प्रमुख चुनावों के साथ हमारा आकलन है कि चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई–जनित सामग्री का निर्माण और विस्तार करेगा ये सभी वो देश हैं जिनसे चीन की तनातनी जारी है। सरकारों को बाधित करने के लिए एआई का यूज माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि इस साल अमेरिका, भारत और दक्षिण कोरिया में होने वाले चुनावों को चीनी और कुछ हद तक उत्तर कोरियाई साइबर हमलावर निशाना बनाने के लिए काम करेंगे। चीन मतदाताओं को सबसे अधिक विभाजित करने वाली बात जानने के लिए फेक सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग कर रहा है और संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा चुनावों को बाधित करने के चीन के प्रयासों को दर्शाने वाले कुछ उदाहरणों में अगस्त 2023 माउ जंगल की आग शामिल है, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य–ग्रेड मौसम हथियार के परीक्षण का हिस्सा था, जो जानबूझकर क्षेत्र में जंगल की आग का कारण बना। ताइवान चुनाव में पहली बार प्रयोग जनवरी 2024 में ताइवान के राष्ट्रपति चुनावों को अस्थिर करने के लिए एआई सामग्री का भी उपयोग किया गया। यह किसी विदेशी चुनाव को सरकार समर्थित ।प्–जनरेटेड कंटेट से प्रभावित करने की पहली कोशिश थी। मीम्स, वीडियो और ऑडियो को बढ़ाने में चीन का बढ़ता प्रयोग संभवतः जारी रहेगा।

# कुछ ही दिनों में जेल से बाहर आने वाले हैं इमरान ? इस दावे ने शहबाज–सेना दोनों की उड़ाई नींद



पीटीआई नेता ने पुष्टि की कि पार्टी के संस्थापक अपनी रिहाई के लिए बातचीत नहीं करेंगे या देश छोड़कर नहीं भागेंगे। खोसा ने जोर देकर कहा कि इमरान खान चाहते हैं कि सभी संस्थाएं पाकिस्तान के संविधान के अनुसार काम करें और वह बदले की राजनीति के खिलाफ हैं। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के नेता सरदार लतीफ खोसा ने दावा किया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान अप्रैल में जेल से रिहा हो जाएंगे। खोसा ने एआरवाई न्यूज पर एक शो में अपनी उपस्थिति के दौरान कहा, तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधान मंत्री की सजा को अदालत ने निलंबित कर दिया है, जबकि सिफर मामला एक सप्ताह भी नहीं टिकेगा। 9 मई के दंगों से संबंधित किसी भी मामले में पीटीआई संस्थापक की संलिप्तता साबित नहीं हुई थी, खोसा ने सिफर मामले में पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की सजा को यह कहकर खारिज कर दिया कि दस्तावेज अदालत के समक्ष उपलब्ध नहीं कराए गए थे। पीटीआई नेता ने पुष्टि की कि पार्टी के संस्थापक अपनी रिहाई के लिए बातचीत नहीं करेंगे या देश छोड़कर नहीं भागेंगे। खोसा ने जोर देकर कहा कि इमरान खान चाहते हैं कि सभी संस्थाएं पाकिस्तान के संविधान के अनुसार काम करें और वह बदले की राजनीति के खिलाफ हैं। राजनीतिक संवाद पर, पीटीआई नेता ने कहा कि पीटीआई संस्थापक के साथ बातचीत 8 फरवरी के चुनाव में पार्टी को मिले जनादेश को वापस करने के बाद संभव होगी। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खोसा ने शहबाज शरीफ सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अपनी पसंद का गृह मंत्री भी नियुक्त नहीं कर सकते। इससे पहले, एआरवाई न्यूज कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति के दौरान, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने पार्टी के दावे को दोहराया कि इमरान खान को इस महीने जेल से रिहा कर दिया जाएगा। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मामलों को षराजनीति से प्रेरित मामलेष बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि खान के खिलाफ सभी कानूनी कार्यवाही समाप्त हो रही है।

# पीएम मोदी के समर्थकों ने अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में रैली निकाली

एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। वाशिंगटन। अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन



स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए' द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी–यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, "भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।" सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में "अबकी बार 400 पार" की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।

# फर्जी खबर फैलाने, न्याय प्रक्रिया बाधित करने के आरोप में ब्राजील में इलोन मास्क के खिलाफ जांच शुरू



न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी. मोरेस ने अपने फैसले में कहा कि मस्क ने शनिवार को शीर्ष अदालत की कार्रवाइयों के संबंध में एक सार्वजनिक "दुष्प्रचार अभियान" चलाना शुरू किया जो रविवार को भी जारी रहा। ब्राजीलियाई उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश ने जाने माने कारोबारी एलन मस्क को फर्जी खबरों के प्रसार के संबंध में जारी जांच के दायरे में शामिल किया और न्याय प्रक्रिया में बाधा पैदा करने के आरोप में उनके खिलाफ रविवार देर रात एक अलग जांच शुरू की। न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी. मोरेस ने अपने फैसले में कहा कि मस्क ने शनिवार को शीर्ष अदालत की कार्रवाइयों के संबंध में एक सार्वजनिक "दुष्प्रचार अभियान" चलाना शुरू किया जो रविवार को भी जारी रहा। न्यायाशीध ने यह टिप्पणी मस्क के खासकर उस बयान पर की कि उनकी सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' कुछ खातों पर रोक लगाने के न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करेगी। डी. मोरेस ने लिखा, "ब्राजील की न्याय प्रणाली में बाधा डालने का निंदनीय आचरण, अपराध को उकसाना, अदालत के आदेशों की अवज्ञा की सार्वजनिक धमकी और भविष्य में (सोशल मीडिया) मंच से सहयोग की कमी–ये ऐसे तथ्य हैं जो ब्राजील की संप्रभुता का अनादर करते हैं।" निर्णय के अनुसार, कथित तौर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक फर्जी खबरें फैलाने वाले एवं डिजिटल मिलिशिया के रूप में जाने जाने वाले लोगों के एक नेटवर्क के खिलाफ जांच के तहत 'एक्स' को जानबूझकर आपराधिक उपकरण के तौर पर इस्तेमाल किए जाने के आरोप में मस्क के खिलाफ जांच की जाएगी।

# मोजाम्बिक में नौका पलटने से 90 से अधिक लोगों की मौत स्थानीय मीडिया



मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक अस्थायी नौका पलट जाने से उसमें सवार बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी और तभी वह पलट गई। ऐसा बताया जा रहा है कि कई लोग अब भी लापता है। बचाव प्रयास सोमवार को भी जारी रहा।हरारे। मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक अस्थायी नौका पलट जाने से उसमें सवार बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय ऑनलाइन प्रसारणकर्ता 'टीवी डियारियो नामपुला' की खबर के अनुसार, नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उसने बताया कि नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी और तभी वह पलट गई। ऐसा बताया जा रहा है कि कई लोग अब भी लापता है। बचाव प्रयास सोमवार को भी जारी रहा। 'टीवी डायरियो नामपुला' की खबर के अनुसार, कुछ लोग एक मेले में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग "हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे।" अन्य समाचार रिपोर्ट में नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो के हवाले से कहा गया कि कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए। यह नौका आमतौर पर मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जाती थी।

मोजाम्बिक और उसके पड़ोसी दक्षिण अफ्रीक देशों जिम्बाब्वे और मलावी हालिया महीनों में हैजा के प्रकोप से प्रभावित हुए हैं। मोजाम्बिक के कई स्थानों तक केवल नौकाओं के जरिए ही पहुंचा जा सकता है और इन नौकाओं में अकसर क्षमता से अधिक लोग सवार रहते हैं। देश में सड़क नेटवर्क खराब है और कुछ क्षेत्रों तक जमीन या हवाई मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता।

# मोदी के बाद अब तिरंगा, मालदीव ने फिर उड़ाया भारत का मजाक, मालदीव की बदनाम मंत्री अब भी नहीं सुधरीं

मरियम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की इसमें भारतीय तिरंगे के अशोक चक्र की एक बदली हुई तस्वीर थी। जिसमें भारत के राष्ट्रीय ध्वज को खराब रोशनी में दर्शाया गया। मरियम शिउना ने इस तरह की हरकत तब की है जब जरूरी सामान के निर्यात को बढ़ाने पर भारत सहमत हुआ है। हालांकि भारत के लोगों ने जब ये पोस्ट देखा और उस पर जमकर मरियम शिउना को लताड़ा तो शिउना ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। चीन के चंगुल में फंसता मालदीव बर्बाद होता जा रहा है। मुइज्जू सरकार की हरकतों के चलते देश के अंदर कई तरह की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। लेकिन ऐसे वक्त में भी भारत विरोधी मुइज्जू सरकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। अक्सर विवादों में रहने वाली मालदीव की पूर्व मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। वो भी तब जब हाल ही में भारत ने मालदीव की सहायता की थी। मरियम शिउना ने मालदीव में होने वाले चुनाव को लेकर विपक्षी एमडीपी पर निशाना साधते हुए फिर से भारत का मजाक उड़ाया है। मरियम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की इसमें भारतीय तिरंगे के अशोक चक्र की एक बदली हुई तस्वीर थी। जिसमें भारत के राष्ट्रीय ध्वज को खराब रोशनी में दर्शाया गया। मरियम शिउना ने इस तरह की हरकत तब की है जब जरूरी सामान के निर्यात को बढ़ाने पर भारत सहमत हुआ है। हालांकि भारत के लोगों ने जब ये पोस्ट देखा और उस पर जमकर मरियम शिउना को लताड़ा तो शिउना ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। पोस्ट डिलीट करने के बाद शिउना ने कहा कि उन्हें फोटो के भारतीय झंडे से मिलते–जुलते होने की जानकारी नहीं थी। वो भविष्य में सावधान रहेंगी। शिउना ने कहा कि मैं हालिया सोशल मीडिया पोस्ट को संबोधित करना चाहती हूं। मैं हालिया पोस्ट के कारण हुए किसी भी भ्रम के लिए माफी मांगती हूं। ये मेरे ध्यान में लाया गया कि ये मालदीव की विपक्षी पार्टी एमडीपी की मेरी प्रति प्रतिक्रिया भारतीय ध्वज से मिलती झुलती थी। ये स्पष्ट करना चाहती हूं कि अनजाने में हुई थी। किसी भी तरह की गलतफहमी के लिए मुझे खेद है। आपको बता दें कि ये वही मरियम शिउना है जिसने पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। मालदीव की सरकार ने तब इससे खुद को अलग कर लिया था। मालदीव की मदद कर रहा भारत भारत के मालदीव को आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देने पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने शनिवार को आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला दीर्घकालिक द्विपक्षीय मित्रता और व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के दौरान मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी और दाल जैसी कुछ वस्तुओं की निर्दिष्ट मात्रा के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया था। भारतीय उच्च्यायुक्त ने शुक्रवार को यहां कहा कि मालदीव सरकार के आग्रह पर भारत ने 2024–25 के लिए जरूरी वस्तुओं की निर्दिष्ट मात्रा में निर्यात की अनुमति दी है।

# हीरामंडी के नवाबों का हुआ खुलासा, फरदीन खान से लेकर शेखर सुमन का शाही फर्स्ट लुक पोस्टर हुए आउट

वेब सीरीज हीरामंडी कई मायनों में खास है। सबसे बड़ी वजह हैं निर्देशक संजय लीला भंसाली, जो अपनी भव्यता के लिए जाने जाते हैं। फिल्मों की तरह उन्होंने अपनी इस सीरीज को भव्य बनाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है।इस सीरीज से अध्ययन सुमन का नाम तो पहले भी जुड़ा था, लेकिन यह जानकारी नहीं थी कि उनके पिता शेखर सुमन भी इसका हिस्सा हैं। अब हीरामंडी से पुरुष कलाकारों की पहली झलक भी सामने आ गई है। 14 साल के लंबे ब्रेक के बाद अभिनेता फरदीन खान पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। हीरामंडी से उनकी पहली झलक देख तो लग रहा है कि वह एक बार फिर अपने अवतार और अंदाज से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाले हैं।सामने आए पोस्टर में फरदीन कुर्ता–पायजामा पहनकर ठाठ से बैठे दिख रहे हैं। इसमें वह वली मोहम्मद का किरदार निभाने वाले हैं।फरदीन को 2010 में फिल्म दूल्हा मिल गया में देखा गया था।

हीरामंडी में शेखर, जुल्फिकार के किरदार में दिखेंगे। सामने आए पोस्टर में शेखर अपनी मूछों पर ताव देते नजर आ रहे हैं।उध ार जोरावर बने शेखर के बेटे अध ययन के नवाबी लुक ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा है।इस सीरीज में अभिनेता ताह शाह भी हैं, जो



ताजदार की भूमिका निभाएंगे, जो एक नवाब का बेटा है और प्यार व परंपरा के बीच फंसा हुआ है।हीरामंडीरू द डायमंड बाजार 1 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।हीरामंडी की कहानी आजादी से पहले चल रहे वेश्यालय पर आधारित है। सीरीज में प्यार, धोखा, राजनीति और तवायफों के जीवन को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इसमें अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, मनीषा कोइराला और शरमीन सहगल जैसी कई अभिनेत्रियां अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं।हीरामंडी पर भंसाली पहले फिल्म बनाने की सोच रहे थे, लेकिन फिर नेटफ्लिक्स को ये कहानी इतनी पसंद आई कि उन्होंने सीरीज की पेशकश कर दी।भंसाली के मुताबिक, हीरामंडी बनाने का विचार उन्हें 15 साल पहले उनके दोस्त मोईन बेग ने दिया था, लेकिन तब वह इस पर काम नहीं कर पाए।भंसाली कहते हैं कि फिल्म के बजाय सीरीज पर काम करना बेहद कठिन है, क्योंकि अगर सीरीज बनाते समय एक भी महत्वपूर्ण शॉट छूट गया तो फिर स्क्रिप्ट पर वापस जाना पड़ता है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, हीरामंडी को भंसाली ने मुगल–ए–आजम की तरह बनाया है। हर फ्रेम में कला का काम है।

## शिंदा शिंदा नो पापा का पोस्टर हुआ रिलीज, दरवाजे के पीछे छिपती नजर आई हिना खान

पंजाबी एक्टर गिप्पी ग्रेवाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म शिंदा शिंदा नो पापा का पहला लुक जारी किया, जिसमें उनके बेटे शिंदा हैं और साथ ही हिना खान भी हैं। इस फिल्म के जरिए बिग बॉस 11 की कंटेस्टेंट हिना पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं।सोशल मीडिया पर एक्टर ने फिल्म का पहला लुक शेयर किया, जिसमें हिना और गिप्पी को दरवाजे के पीछे छुपते हुए देखा जा सकता है, साथ ही उनका बेटा शिंदा हाथ फैलाए दरवाजे पर खड़ा है और



चिल्लाता हुआ नजर आ रहा है।हिना ने ऑरेंज और ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस और इसके साथ व्हाइट हील्स पहनी हैं। गिप्पी ने ऑरेंज कलर की टी–शर्ट और ब्लेक जींस पहनी हैं।पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, शिंदा शिंदा नो पापा का फर्स्ट लुक जारी... 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में मिलते हैं।पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हिना के फैंस ने जमकर कमेंट किए।एक फैन ने लिखा, हिना खान के लिए इंतजार नहीं कर सकते, एक अन्य फैन ने लिखा, हिना की पहली पंजाबी फिल्म ब्लॉकबस्टर होने वाली है

यह फिल्म अमरप्रीत जीएस छाबड़ा द्वारा निर्देशित, नरेश कथूरिया द्वारा लिखित और गिप्पी और रवनीत कौर ग्रेवाल द्वारा निर्मित है। यह 10 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## रोनित राय अभिनीत एआई ड्रामा इराह में फागुन ठकरार ब्रिटिश इंटेलिजेंस के प्रमुख की भूमिका निभा रहीं

ब्रिटिश–भारतीय अभिनेत्री फागुन ठकरार, जो फिल्म इराह में अभिनेता रोहित रॉय के साथ स्क्रीन साझा करती हैं, ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के प्रमुख की भूमिका निभाती हैं। सैम भट्टाचार्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इसकी नैतिक दुविधाओं पर प्रकाश डालती है।फागुन ने साझा किया कि जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ा कोई बड़ा अपराध गलत हाथों में पड़ जाता है और अनसुलझा रह जाता है, तो उसे संकट से निपटने के लिए बुलाया जाता है, जो उसकी भूमिका की गंभीरता को उजागर करता है।



अपनी भूमिका के बारे में आगे बताते हुए, फागुन ने कहारू यह एमआई6 के प्रमुख होने के समान है, जो कई अंगरक्षकों से घिरा हुआ है। यह भूमिका निभाना शानदार हैय यह कुछ हद तक जेम्स बॉन्ड 007 की याद दिलाता है लेकिन शीर्ष नेता के दृष्टिकोण से।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी भूमिका एमआई6 बॉस की भूमिका निभाने वाली जूडी डेंच से मिलती–जुलती है, फागुन ने कहारू फिल्म में, किंवदंती से कोई भी समानता ब्रिटिश सीक्रेट सर्विस की महिला बॉस होने तक ही सीमित है। लेकिन जूडी के साथ मेरा एक और संबंध है डेंच। मैंने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ड्रामा स्कूलों में से एक, रॉयल सेंट्रल स्कूल ऑफ स्पीच एंड ड्रामा, जो प्रसिद्ध डेम जूडी डेंच का संस्थान है, में अपनी कला को निखारा है।फागुन को डेम जूडी डेंच से मिलने का अवसर तब मिला जब फागुन को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) द्वारा अंतरराष्ट्रीय उभरते सितारों के लिए अपने विशेष न्यूकमर्स प्रोग्राम के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा था।जूडी डेंच से मिलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहारू बाफ्टा में डेम जूडी डेंच से मिलना अनुग्रह और प्रेरणा से भरा एक क्षण था।

## सनी लियोन, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा पहली बार आए साथ, फिल्म की शूटिंग शुरू

सनी लियोनी, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा ने पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। तीनों सितारों ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। फिलहाल इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन खबर है कि सनी फिल्म की शूटिंग के लिए रवाना हो चुकी हैं।अभी फिलहाल इतनी जानकारी ही सामने आई है कि शुरुआती शूटिंग मस्कट में होगी।अब दर्शक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। यह दूसरा मौका होगा, जब सनी और प्रभुदेवा



एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म पेट्टा रैप गाने में एक साथ काम किया था।उधर, यह सनी और हिमेश के बीच पहला सहयोग होने वाला है। बता दें, सनी इन दिनों मशहूर डेटिंग शो स्प्लिट्सविला की मेजबानी कर रही हैं।यह इस शो का 15वां संस्करण है। सनी की आने वाली फिल्मों में गैंग्स ऑफ गाजियाबाद, कैनेडी और कोटेशन गैंग शामिल हैं। प्रभुदेवा इन दिनों फिल्म दंबग 4 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को अगले साल दिसंबर महीने में रिलीज किया जा सकता है।इसके अलावा उनकी वांटेड 2 बनाने की भी चर्चा हैं। इसके पहले भाग में अभिनेता सलमान खान नजर आए थे। इसी फिल्म के जरिए उन्होंने दमदार वापसी की थी।इसके अलावा प्रभुदेवा भारतीय सुपरहीरो फिल्म मिनमैन में भी काम कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इसकी घोषणा की थी।

# कमल हासन की इंडियन 2 की रिलीज डेट का हुआ खुलासा, इसी साल जून में रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड और साउथ की मेगास्टार कमल हासन की अपकमिंग फिल्म इंडियन 2 का बेसब्री फैंस इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए कमल हासन लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म से जुड़ी एक नई अपडेट सामने आ चुकी है। बीते दिन इंडियन 2 को लेकर अलग–अलग तरह के अटके लगाए जाते थे। अब इस पिक्चर की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है।

कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का इंतजार जल्दी फैंस के लिए खत्म होने वाला है। इस फिल्म को फेमस डायरेक्टर शंकर ने डायरेक्ट किया है। वही इंडियन 2 को लेकर लगातार दावा किया जा रहा है कि यह फिल्म इस साल 13 जून को सिनेमाघर में रिलीज होगी। हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कमल हासन बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए काफी फेमस है। ऐसे में फिल्म से भी इसी तरीके की उम्मीद लगाई जा रही है।

फिल्म के अंदर कमल हासन के अलावा काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, बॉबी सिम्हा, समुथिरकानी और नेदुमुदी वेणु, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, गुलशन ग्रोवर जैसे लीड किरदार शामिल है।

खबरों के मुताबिक फिल्मों के अंदर मौजूद गाने को भी काफी अहमियत दी गई है। जिसे मशहूर सिंगर अनिरुद्ध द्वारा गाया गया है। रिपोर्ट्स की माने तो इंडियन 2 को 2 पार्ट्स में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल डायरेक्टर शंकर राम चरण की फिल्म गेम चेंजर और इंडियन 2 की प्री प्रोडक्शन में बिजी है। डायरेक्टर के बारे में बता दे की रामचरण के साथ ये उनकी पहली फिल्म होने वाली है। जिसको लेकर चर्चा लगातार सामने आ रही है। डायरेक्टर शंकर दो बड़ी फिल्मों को एक साथ रिलीज करने वाले हैं, हालांकि यह वक्त



ही बताएंगा कि उनकी कौन सी फिल्म किस तरह का कमाल करके दिखाती है। इसके साथ ही फिल्म के पहले पार्ट इंडियन की बात करें तो 1996 में से रिलीज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म का बजट करीब 8 करोड़ का था और इस फिल्म में दुनिया भर में 60 करोड़ के करीब कारोबार को पूरा किया था।

# दुनियाभर में बजा क्रू का डंका, करीना, तब्बू और कृति की फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में ली एंट्री



करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म क्रू पूरी दुनिया में धमाल मचा रही है. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी इस कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. यही वजह है कि करीना की ये मूवी हर रोज करोड़ों में कमाई कर रही है. वहीं अब फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.बता दें कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है. वहीं अब फिल्म ने महज 9 दिनों में 100 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. जी हां, फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री ले ली है. इस बात की जानकारी फिल्म की हीरोइन करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर शेयर की है. करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है क्रू ने वर्ल्डवाइड 104.8 करोड़ के से ज्यादा की कमाई कर चुकी है.इसी के साथ करीना की क्रू इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म पांचवीं फिल्म बन गई है. बता दें कि इससे पहले फाइटर, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, आर्टिकल 370 और शैतान ने 100 करोड़ के क्लब में अपनी जगह बनाई थी.इन आंकड़ों को देखने के बाद ये कहना गलत नहीं होगा कि अब जल्द ही करीना की ये फिल्म एक और रिकॉर्ड तोडने वाली है. बता दें कि साल 2018 में आई वुमेन सेंट्रिक फिल्म वीरे दी वेडिंग ने दुनियाभर में 138.95 करोड़ रुपये की कमाई की थी. ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि करीना की हालिया फिल्म उनकी ही 6 साल पहले आई फिल्म का ये रिकॉर्ड तोड़ पाती है या नहीं. घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने हाफ सेंचुरी पार कर ली है. शनिवार को क्रू ने 5.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 9 दिनों में कुल 52.7 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है. रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिल सकता है. वैसे भी ये वीकेंड करीना की फिल्म के लिए काफी अहम है क्योंकि शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई है. इसका फायदा क्रू की कमाई पर पड़ सकता है.।

# देवा की शूटिंग से शाहिद कपूर ने शेयर की तस्वीर, फ्लान्ट किए बाइसेप्स

शाहिद कपूर अपने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट देवा के लिए तैयारी कर रहे हैं और आज, उन्होंने फिल्म के सेट से एक झलक साझा की। सैल्यूट और कायमकुलम कोचुन्नी जैसी मलयालम हिट फिल्मों के लिए फेमस रोशन एंड्रयूज की डायरेक्टेड, यह फिल्म उत्साह का वादा करती है। कपूर के साथ, इसमें प्रतिभाशाली पूजा हेगड़े भी हैं।देवा 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जो एक प्रत्याशित सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार करेगी। कपूर की भागीदारी और एंड्रयूज के डायरेक्शन के साथ, फैंस इस आगामी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, एक मनोरम कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं।

शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म देवा के सेट से एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, श्वापसस्य सेट पर देवा!!। शेयर की गई तस्वीर



में कपूर को अपने बाइसेप्स दिखाते हुए देखा जा सकता है। पिछले साल दशहरे पर, शाहिद कपूर ने अपनी आगामी फिल्म देवा की एक झलक दिखाकर अपने फैंस को सुखद आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म अगले दशहरा, 11 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है। उन्होंने फिल्म से पहला लुक साझा किया, जिसमें अधिक मांसल शरीर है, कपूर एक सफेद शर्ट और बेज रंग की पैंट में आकर्षक लग रहे थे, साथ ही कटे हुए बाल भी थे। उनकी पोशाक फिल्म में एक पुलिसकर्मी के किरदार का संकेत देती है। साथ ही उन्हें अंगूठी जैसा पेंडेंट पहने भी देखा गया।वर्कफ्रंट कीबात करें तो शाहिद कपूर को आखिरी बार रोमांटिक कॉमेडी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था, जिसमें उन्होंने कृति सेनन के साथ अभिनय किया था। हालाँकि फिल्म की शुरुआत धीमी रही, लेकिन सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इसे कायम रखने में मदद की और अंततरू भारत में लगभग 80 करोड़ रुपये की कमाई की।देवा के अलावा फैंस उनकी पॉपुलर वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# कैमरे के सामने दिशा पाटनी ने दिखाईं कातिलाना अदाएं, हाट फोटोशूट देखकर घायल हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण लोगों के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपनी ग्लैमरस अदाओं को लेकर फैंस के बीच काफी पॉपुलर रहती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी हर एक झलक पाने के लिए फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

दिशा पाटनी ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का डीपनेक गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

गले में नेकलेस, लाइट मेकअप, ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही फैंस भी उन पर से निगाहें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन फोटोज पर उनकी बेस्ट फ्रेंड मौनी रॉय ने कॉमेंट करते हुए– माई मोस्ट ब्यूटिफुल लिखा है। फिर वहीं उनकी फौजी बहन खुशबू पाटनी ने लिखा है– मैं एक पंजाबी गाना अपनी बहन को डेडिकेट करना चाहती थी। काश इंस्टा में ऐसा डेडिकेशन वाला बटन भी होता। वैसे बेहद खूबसूरत तस्वीरें हैं बहना।

मौनी रॉय की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट कर दिया है।



दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

इंस्टाग्राम पर उन्हें 60 लाख से भी ज्यादा यूजर्स लाइक करते हैं।

